मेरे घर भी आना ओ कान्हा

मेरे घर भी आना, ओ कान्हा, तोहे माखन मिश्री दूँगी ॥
मुझे मुरली आ के सुनना,, तोहे माखन मिश्री दूँगी,
मेरे घर भी आना, ओ कान्हा...........

रास रचाना मेरे गिरधर, मुरली बजाना मेरे गिरधर ॥
राधा को संग में, मत लाना ॥, तोहे माखन मिश्री दूँगी
मेरे घर भी आना, ओ कान्हा..........

माखन चुराना मेरे गिरधर, मटकी गिराना मेरे गिरधर ॥
दाऊ को संग में मत लाना ॥, तोहे माखन मिश्री दूँगी
मेरे घर भी आना, ओ कान्हा........

यमुना पे आना मेरे गिरधर, गऊएँ चराना मेरे गिरधर
बाबा को संग में मत लाना ॥, तोहे माखन मिश्री दूँगी
मेरे घर भी आना, ओ कान्हा...........

अपलोड करता-अनिल भोपाल बाघीओ वाले

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6277/title/mere-ghar-bhi-aana-o-kanha-tohe-makhan-mishri-dungi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |